# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
# एवं
# राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय,

**समग्र शिक्षा, विद्या भवन, निशातगंज, लखनऊ–226 007**

वेब–साइट: www.basiceducation.up.gov.in, www.upefa.com ई–मेल: upefaspo@gmail.com दूरभाष: 0522-2780995, 0522-2780384

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

निपुण भारत

सेवा में,

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,**
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः प्री–प्राइमरी शिक्षा/स्कूल रेडीनेस/ 13014 /2022–23 दिनांकः– 22/मार्च/2023

**विषयः– कक्षा 1 में स्कूल रेडीनेस गतिविधि कलेण्डर आधारित कक्षा शिक्षण संचालन के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत के अंतर्गत पूर्व प्राथमिक शिक्षा को मूलभूत साक्षरता के प्रथम सोपान के रूप चिन्हित किया गया है। बाल मनोविज्ञान के दृष्टिकोण से 80 प्रतिशत से अधिक मस्तिष्क का विकास 06 वर्ष की आयु के पूर्व हो जाता है। उक्त के दृष्टिगत पूर्व प्राथमिक कक्षाएं एवं उनमे सीखने का आधार अत्यंत महत्वपूर्ण है। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा निर्देशक प्रत्ययों को लेते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक बच्चा (05–06वर्ष) एक वर्ष के बालवाटिका कक्षा में गतिविधि आधारित भाषा एवं अंकीय दक्षंता के पूर्व प्रत्ययों (Pre Concept) को सीख सकेगा। उक्त को ध्यान में रखते हुए एन0सी0ई0आर0टी द्वारा 12 सप्ताह के विद्या प्रवेश के रूप में गतिविधि आधारित शिक्षण प्रक्रिया कक्षा–1 में संचालित करने एवं बच्चों को औपचारिक शिक्षा हेतु तैयार करने पर जोर दिया गया है।

निपुण भारत बच्चों के विकास के मुख्य तीन आयामों को आधार बनाते हुए एवं विद्या प्रवेश को में दिये गये सैद्धांतिक संरचना को राज्य की आवश्यकता के अनुसार तैयार करते हुए शैक्षिक सत्र 2022–23 से कक्षा–1 में स्कूल रेडीनेस गतिविधि कलेण्डर आधारित शिक्षण प्रारंभ किया गया है। उक्त के उत्साहवर्धक परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं। बच्चों में औपचारिक शिक्षा के प्रति सजगता एवं समझ कर सीखने की प्रवृत्ति पर विशेष प्रभाव पडा है।

उपर्युक्तानुसार वर्ष 2023–24 में स्कूल रेडीनेस आधारित गतिविधि शिक्षण नवीन शैक्षिक सत्र में **10 अप्रैल 2023** से प्रारंभ किया जाना है। इस वर्ष प्रारंभिक 8 सप्ताह हेतु गतिविधि कलेण्डर एवं स्कूल रेडीनेस शिक्षक संदर्शिका मुद्रित कराकर समस्त प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों को उपलब्ध करायी जा रही है। अंतिम चार सप्ताह कक्षा–1 हेतु भाषा एवं गणित संदर्शिका के साथ समेकन के रूप में संचालित किया जाना है। जिसके बारे में समस्त नोडल एस0आर0जी0 को राज्य स्तरीय अभिमुखीकरण दिनांक 16 मार्च 2023 को सम्पन्न किया जा चुका है। उक्तानुसार प्रशिक्षित नोडल एसआरजी जनपद स्तर पर नोडल शिक्षक संकुल एवं नोडल शिक्षकों का अभिमुखीकरण ऑनलाइन मोड पर कर रहें हैं।

वर्ष 2023–24 में स्कूल रेडीनेस गतिविधि कलेण्डर का कक्षा–1 में संचालन निम्नांकित दिशा निर्देशों के अंतर्गत किया जाना है–

1. **समयसारिणी–**

12 सप्ताह स्कूल रेडीनेस गतिविधि कार्यक्रम के संचालन की समय सारिणी–

| *माह (तिथि)* | *गतिविधि* |
|---|---|
| *01अप्रैल–09 अप्रैल:* | *कक्षा 1 में बच्चों का नामांकन एवं चहक के अंतर्गत अभिभावकों का अभिमुखीकरण* |
| *10 अप्रैल– ग्रीष्मावकाश के पूर्व तक:* | *5 सप्ताह* |
| *16मई–15जून:* | *ग्रीष्मावकाश* |
| *16जून–24जून:* | *5 सप्ताह की गतिविधियों का दोहराव कराया जाये।* |
| *26जून– 15 अगस्त:* | *6 से 12 सप्ताह की गतिविधियों का संचालन।* |
| *15 अगस्त–31 अगस्त:* | *प्रगति आंकलन एवं अभिभावकों को बच्चों की प्रगति से पोर्टफोलियो के माध्यम से अवगत कराना* |

*नोटः– उक्त प्रस्तावित समय सारिणी में यदि किसी दिवस में राजकीय अवकाश होने की स्थिति हो तो नोडल अध्यापक उक्त दिवस की गतिविधि संबंधित सप्ताह के शनिवार को संचालित कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ग्रीष्मावकाश के पश्चात् 16 जून से 24 जून तक की समयावधि में यदि पूर्व के सप्ताह की कोई गतिविधि पूर्ण नहीं हो पायी हो तो उसका संचालन उक्त समयावधि में कर सकते हैं।*

2. <u>गतिविधि कलेण्डर–</u>

- छात्र नामांकन के साथ नोडल अध्यापक यह भी सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक दिवस छात्रों के साथ कलेण्डर की गतिविधियां संपादित कराते हुए छात्रों में रूचि एवं सकियता विकसित करें।
- विद्यालय तैयारी संबंधी विद्याप्रवेश मॉडयूल के दिशा निर्देशों के कम में गतिविधि कलेण्डर एससीईआरटी एवं सहयोगी संस्थानों की सहायता से तैयार करके संलग्नक के रूप में प्रेषित किया जा रहा है। **(संलग्नक–1)** उक्त कलेण्डर राज्य स्तर पर मुद्रित कराते हुए समस्त प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों को उपलब्ध कराया गया है।
- उक्त कलेण्डर को दीक्षा पोर्टल में प्री–प्राइमरी के अंतर्गत भी अपलोड किया जा रहा है, जिसका उपयोग ए0आर0पी0, एस0आर0जी0 द्वारा अनुश्रवण एवं अकादमिक सहयोग हेतु किया जायेगा। इसके साथ ही दीक्षा पोर्टल पर गतिविधि कलेण्डर से संबंधित गतिविधियों के ऑडियो–विजुअल सामग्री अपलोड की जा रही है, जिसका प्रयोग नोडल अध्यापक द्वारा स्वयं की तैयार हेतु किया जा सकता है।
- चहक के अंतर्गत समस्त प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों को आवश्यक टीएलएम सामग्री (**राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक 6086 दिनांक 19 अक्टूॅबर 2022 द्वारा**) कय हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त सामग्री की सूची सुलभ संदर्भ संलग्न की जा रही है **(संलग्नकः–2)**। प्राधानाध्यापक का उत्तरदायित्व है कि संबंधित सामग्री नोडल शिक्षक को उपलबध करायें जिसका प्रयोग संबंधित द्वारा स्कूल रेडीनेस गतिविधि कलेण्डर के संचालन के समय कक्षा शिक्षण हेतु आवश्यक टीएलएम बनाने के लिए किया जायेगा।

3. <u>चहक (**CHAHAK- Children Having Happiness in Ambiance and Acquiring Knowledge**)</u>: 12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम की उपयोगिता से अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से चहक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये।

**12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस गतिविधि कार्यक्रम संचालन के पूर्वः**

- प्रधान अध्यापक के सहयोग से नोडल अध्यापक कक्षा–1 में नामांकित समस्त बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित किया जाये।
- अभिभावकों को स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम की आवश्यकता एवं महत्व से जागरूक कराते हुए अभिभावकों से अनुरोध किया जाये कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें एवं समय–समय पर घर में बच्चों से विद्यालय में सीखी गयी गतिविधियों के बारे में भी पूछें।
- कार्यक्रम में कक्षा–1 के अभिभावकों के साथ–साथ ग्राम स्तर पर प्रभावशाली व्यक्ति/जागरूक वरिष्ठ नागरिक/सेवानिवृत्त अध्यापक आदि एवं शिक्षित युवाओं को भी जोडते हुए शिशु मित्र के रूप में आमंत्रित करें। उनके द्वारा ग्राम स्तर पर समुदाय एवं अभिभावकों को जागरूक करने में सहयोग लिया जाये।

**स्कूल रेडीनेस गतिविधियों की समाप्ति परः**

- स्कूल रेडीनेस 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर के सम्पन्न हो जाने के पश्चात् अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित की जाये। कक्षा–1 में नामांकित समस्त छात्रों के अभिभावकों को विद्यालय बुलाकर उनके बच्चे द्वारा पिछले 12 सप्ताह में सीखी गयी विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन बच्चों द्वारा किया जाये। इसके साथ ही गत 12 सप्ताह में बच्चों द्वारा किये गये कार्यों यथा कला संबंधी गतिविधियों जिनको कि बच्चों के पोर्टफोलियो में संग्रहित किया गया है, को अभिभावकों को दिखाया जाये।
- बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों के सम्मुख कविता पाठ कहानी सुनाना, रोल प्ले आदि कौशलों का प्रदर्शन कराया जाये जिससे उनमें अभिव्यक्ति की स्वत्रंता एवं आत्मविश्वास विकसित हो सके। उक्त दिवस को उत्सव के रूप में मनाया जाये यथा अभिभावकों के साथ छोटे–छोटे खेल आयोजित करते हुए प्रोत्साहित किया जाये।

4. <u>छात्रों का सतत आंकलन</u>– 12 सप्ताह के गतिविधि आधारित विद्यालय तैयारी कार्यक्रम प्रारंभ करने के साथ ही नोडल शिक्षक द्वारा छात्र के संज्ञानात्मक संबंधी विभिन्न बिंदुओं (भाषा, संख्या) का आकलन किया जाना है। उक्त आकलन नोडल अध्यापक द्वारा निम्नांकित के अनुसार किया जाये–

- **प्रेक्षण (Observation) द्वारा संलग्न संकेतांकों पर छात्र का आकलन तीन श्रेणियों में किया जायेगा।** आंकलन करते समय यह विशेष ध्यान रखा जाये कि छात्र उक्त से संज्ञानित न हो पाये एवं सामान्य गतिविधियों में सम्मिलित रहे। **(संलग्नक–3)**
- 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर की समाप्ति के पश्चात् पुनः छात्र की प्रगति का आंकलन पूर्व के सामान दिये गये संकेताकों पर किया जाये।

- द्वितीय आंकलन के पश्चात् छात्र की प्रगति एवं संभावित सुझावों का अंकन अध्यापक द्वारा ए4 साइज के कागज पर संकेतांको के साथ किया जायेगा। आकलन प्रपत्र छात्र के पोर्टफोलियो में सम्मिलित किया जायेगा।

5. ***स्कूल रेडीनेस के अंतर्गत कक्षा 1 में 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर के संचालन के अनुश्रवण हेतु संबंधित हितधारकों के कार्य एवं दायित्व—***

***उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के कार्य एवं दायित्वः***

- डायट मेंटर्स की सहायता से गतिविधि कलेण्डर संचालन किये जाने का अनुश्रवण कराते हुए समय—समय पर डायट मेंटर्स के साथ समीक्षा की जाये।
- ए0आर0पी0, जिला समन्वयक, एस0आर0जी0 द्वारा मासिक समीक्षा बैठक में 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर को कक्षा—1 में सफलतापूर्वक संचालन करने हेतु समीक्षा करते हुए आवश्यक नेतृत्व प्रदान किया जाये।
- अपने नेतृत्व में 40 प्रतिशत विद्यालयों को सैम्पल के रूप में चयनित करते हुए 12 सप्ताह के गतिविधि आधारित शिक्षण का बच्चों की अधिगम स्तर पर प्रभाव संबंधी Action Research संपादित कराते हुए संबंधित परिणाम से राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद्, उ0प्र0 एवं राज्य परियोजना कार्यालय को अवगत करायेंगे।

***मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक के कार्य एवं दायित्वः***

- मण्डलीय जनपद में गतिविधि कलेण्डर को सफलतापूर्वक संचालित कराने हेतु आवश्यक नेतृत्व प्रदान करते हुए प्रतिमाह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जाये।
- **राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मण्डलीय रिसोर्स पर्सन जिनका प्रशिक्षण दिनांक 16 मार्च 2023 को किया गया है, के माध्यम से मण्डलीय जनपदों के उनमुखीकरण का कार्य पूर्ण किया जाये।**

***जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्य एवं दायित्वः***

- **राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा प्रेषित गतिविधि कलेण्डर एवं संबंधित निर्देशों को प्रत्येक विद्यालय में उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये।**
- जनपद स्तर पर कक्षा 1 में संचालित 12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस गतिविधि कलेण्डर के अनुश्रवण हेतु 3 सदस्यीय अनुश्रवण समिति का गठन किया जाये, जिसमें जिला समन्वयक प्रशिक्षण, नोडल एस0आर0जी0 एवं डायट मेंटर नामित किये जायेंगे।
- जिला समन्वयक प्रशिक्षण/डायट मेंटर/एस0आर0जी0/ए0आर0पी0 के द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के माध्यम से अनुश्रवण किया जाये।
- प्रत्येक सप्ताह अनुश्रवण रिपोर्ट के अनुसार ए0आर0पी0, नोडल एसआरजी एवं डायट मेंटर द्वारा नोडल शिक्षक संकुल को आवश्यक अकादमिक सहयोग प्रदान करेंगे।

***जिला समन्वयक प्रशिक्षण के कार्य एवं दायित्वः***

- राज्य स्तर से मुद्रित एवं जनपदीय कार्यालय को उपलब्ध कराये गये गतिविधि कलेण्डर एवं स्कूल रेडीनेस शिक्षक संदर्शिका को प्रत्येक विकास खण्ड में उपलब्धता सुनिश्चित कराना।
- जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति सदस्य के रूप में आवश्यक अनुसमर्थन प्रदान करना।
- स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम हेतु जनपद स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय योगदान प्रदान करते हुए नोडल एस0आर0जी0 के साथ नेतृत्व प्रदान करना।

***नोडल एस0आर0जी0 के कार्य एवं दायित्वः***

- जनपद स्तर पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण के साथ टीम भावना में कार्य करते हुए कार्यक्रम को नेतृत्व प्रदान करना।
- जनपद स्तरीय अनुश्रवण समिति सदस्य के रूप में आवश्यक अनुसमर्थन प्रदान करना।
- उक्त कार्यक्रम की प्रगति से प्री—प्राइमरी यूनिट राज्य परियोजना कार्यालय को गूगल फार्म के माध्यम से अगवत कराना सुनिश्चित करेंगे। (गूगल लिंक पृथक से प्रेषित किया जायेगा।)

***खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्य एवं दायित्वः***

- राज्य स्तर से मुद्रित एवं जनपदीय कार्यालय को उपलब्ध कराये गये गतिविधि कलेण्डर एवं स्कूल रेडीनेस शिक्षक संदर्शिका को प्रत्येक विद्यालय के कक्षा–1 हेतु उपलब्धता **दिनांक 05 अप्रैल 2023 से पूर्व** सुनिश्चित की जाये।
- विकास खण्ड स्तर पर 12 सप्ताह स्कूल रेडीनेस गतिविधि आधारित शिक्षण को नेतृत्व प्रदान करेंगे।
- समय–समय पर स्वयं पर्यवेक्षण करते हुए कार्यक्रम को गति प्रदान करेंगे।
- विकास खण्ड में शिक्षकों की विद्यालयवार संख्या के आधार पर रणनीति निर्धारण करेंगे। उक्त रणनीति का अभिलेखीकरण करते हुए समस्त प्रधाानाध्यापकों का अभिमुखीकरण किया जाये।
- विकास खण्ड के न्यूनतम 40 प्रतिशत विद्यालयों को लैब एरिया के रूप में चिन्हित करते हुए सतत् पर्यवेक्षण के माध्यम से 12 सप्ताह के स्कूल रेडीनेस गतिविधि आधारित शिक्षण का बच्चों के अधिगम स्तर पर प्रभाव पर Action Research, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से कराते हुए आख्या राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

***विद्यालय में प्रधान अध्यापक के कार्य एवं दायित्व :***

- चहक अंतर्गत कय किये गये टीएलएम सामग्री नोडल शिक्षक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
- गतवर्ष में कक्षा–1 में शिक्षण हेतु चिन्हित नोडल शिक्षक को वर्ष 2023–24 हेतु भी नोडल शिक्षक के रूप में नामित करेंगे।
- बच्चों के लिए स्कूल तैयारी गतिविधियों के संचालन के लिए एक संयुक्त योजना तैयार करने में शिक्षक और आंगनवाड़ी कार्यकत्री को नेतृत्व प्रदान करेंगे।
- आंगनवाडी के 5 से 6 वर्ष के बच्चे व कक्षा 1 के बच्चों हेतु बाहरी खेल एवं स्वतन्त्र खेल की संयुक्त गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थान एवं समय निर्धारण करने हेतु आंगनबाडी कार्यकत्री को दिशा निर्देश प्रदान करेंगे।
- शिक्षक एवं आंगनबाडी कार्यकत्री को मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेंगे।
- माता–पिता से नामांकन एवं नियमित उपस्थिति के महत्व को बताते हुए घर पर लगातार सहयोग प्रदान करने हेतु चर्चा करेंगे।
- प्रधान अध्यापक कक्षा–1 का समय–समय पर अनुश्रवण करते हुए अनुसमर्थन प्रदान करेंगे।
- परिसर में अवस्थित आंगनबाडी केन्द्रों में भी समय–समय पर अनुश्रवण करते हुए केन्द्र में उपलब्ध विभिन्न संसाधनों के प्रयोग हेतु कार्यकत्री को सहयोग प्रदान करेंगे।
- कक्षा–1 के उन अभिभावकों से लगातार संपर्क में रहेंगे, जिनके बच्चे नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे अभिभावकों की काउंसलिंग करते हुए उन बच्चों की उपस्थिति नियमित कराने का प्रयास करेंगे।

***नोडल शिक्षक संकुल के कार्य एवं दायित्व :*** – नोडल शिक्षक संकुल अपने संकुल के सभी विद्यालयों के नोडल शिक्षकों एव प्रधानाध्यापक के साथ ऑनलाइन अभिमुखीकरण का कार्य 5 अप्रैल 2023 के पूर्व करेंगे, साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर का संचालन सभी विद्यालयों में किया जा रहा हो।

- नोडल शिक्षक संकुल द्वारा कक्षा 1 के नोडल अध्यापकों के साथ प्रत्येक 15 दिवस में विद्यालय अवधि के पश्चात् बैठक करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करने के साथ उनकी पृच्छाओं एवं जिज्ञासा का निराकरण करेंगे। उक्त बैठक ऑनलाइन मोड पर भी की जा सकती है।
- प्रधान अध्यापक के माध्यम से कक्षा 1 में बच्चों की उपस्थिति नियमित करना सुनिश्चित करेंगे।
- प्रधान अध्यापक द्वारा अपने विद्यालय में 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर के अनुसार कक्षा 1 में गतिविधियां संचालित की जायें, यह भी सुनिश्चित करेंगे।
- समय–समय पर आवश्यकता के अनुसार प्रधान अध्यापकों का उत्साहवर्धन करते हुए अच्छे कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों एवं नोडल शिक्षक को चिन्हित करते हुए प्रोत्साहित करेंगे।
- को–लोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्रों में आरंभिक साक्षरता एवं अंकीय दक्षता (Early Numeracy and Early Literacy) की संयुक्त गतिविधियों पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री व प्रधान अध्यापक का क्षमता संवर्धन करेंगे।

***नोडल अध्यापक के कार्य एवं दायित्व :***

- स्कूल रेडीनेस पर प्रशिक्षित नोडल अध्यापक द्वारा कक्षा 1 में 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर का संचालन किया जाएगा।
- उक्त नोडल अध्यापक बच्चों के साथ पूरे समय कार्य करते हुए गतिविधि कलेण्डर की समस्त गतिविधियों का संचालन स्वयं करेगा।
- नोडल अध्यापक को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्कूल रेडीनेस 12 सप्ताह (8+4) के लिए बनाए गए कैलेंडर के अनुसार ही बच्चों को गतिविधियां करवाई जा रही हैं।
- नोडल अध्यापक स्कूल रेडीनेस गतिविधि कैलेंडर में दी गई गतिविधियों के अनुसार स्थानीय सामग्री से टी.एल.एम. बनाऐंगे।

***ए0आर0पी0 के कार्य एवं दायित्व :***

- ए.आर.पी. 12 सप्ताह के गतिविधि कलेण्डर के संचालन हेतु नोडल अध्यापक की क्षमतासंवर्द्धन करते हुए सहयोग प्रदान करेंगे एवं सहयोगात्मक पर्यवेक्षण (सपोर्टिव सुपर विज़न) सुनिश्चित करेंगे।
- ए.आर.पी. स्कूल रेडीनेस गतिविधि कलेण्डर के क्रियान्वयन हेतु संयुक्त गतिविधियों के लिए आंगनवाडी कार्यकत्री के क्षमता संवर्द्धन में सहयोग करेंगे।

***आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का सहयोग :*** को–लोकेटेड आंगनबाडी केन्द्र की आंगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिका के कार्य एवं दायित्वः–

- नोडल अध्यापक के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अभिभावक बैठक का आयोजन करेंगी, जिसमें आंगनवाड़ी केंद्र के 5 से 6 वर्ष के बच्चों के अभिभावक सम्मिलित हों।
- संयुक्त गतिविधियों के संचालन में कक्षा 1 के शिक्षकों को सहयोग प्रदान करेंगे।
- प्रधानाध्यापक और नोडल शिक्षक के साथ नियमित संपर्क एवं समन्वय बनाए रखेंगे।
- ईसीसीई दिवस पर प्रधानाध्यापक और नोडल शिक्षक को आमंत्रित करेंगे।
- बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा दिए गए गतिविधि कैलेंडर के अनुसार गतिविधि करायें। प्री स्कूल किट में दी गयी सामग्री/संसाधनों का प्रयोग करेंगी।
- गतिविधियों के लिए टी.एल.एम का प्रयोग करेंगी।
- नोडल टीचर के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कक्षा 1 व आंगनवाडी केंद्र के 5 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए संयुक्त गतिविधि का आयोजन करेंगी

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यकम का संचालन समयबद्ध रूप में सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(विजय किरन आनन्द)
राज्य परियोजना निदेशक,
समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश।

पृष्ठांकन संख्याः–प्री–प्राइमरी शिक्षा/स्कूल रेडीनेस/1304/2022–23 लखनऊ, तद्दिनॉक।

**प्रतिलिपिः**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 शासन।
3. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0।
4. शिक्षा निदेशक, बेसिक, उ0प्र0।
5. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, उ0प्र0।

6. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद, उ0प्र0।
7. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उ0प्र0।
8. जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, समस्त जनपद, उ0प्र0।
9. बाल विकास परियोजना अधिकारी, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, समस्त परियोजना, उ0प्र0।
10. खण्ड शिक्षा अधिकारी समस्त विकास खण्ड, उ0प्र0।
11. जिला समन्वयक प्रशिक्षण, समस्त जनपद।

**(विजय किरन आनन्द)**
राज्य परियोजना निदेशक,
समग्र शिक्षा, उत्तर प्रदेश।

# सप्ताह 1



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे की वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करगें। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (अपने आस-पास के जानवरों और पक्षियों की आवाजें निकालना और पहचानना) | बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव-भाव के साथ गाना | तुकांत शब्दों वाली सरल कविता गाना और तुकांत शब्दों को पहचानना | बच्चों को तुकांत शब्द बोलने के लिए प्रेरित करना इसके लिए वह अपने परिवेश के शब्दों का चयन कर सकते हैं। शिक्षक पहले बच्चों को उदाहरण से गतिविधि स्पष्ट करें और फिर उन्हें गतिविधि बरने को कहें। तुकान्त शब्दावली, कविता, गाना व तुकान्त शब्दों की पहचान। | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें ।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना | बिगबुक से शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) और बच्चे अपने शब्दों में कहानी सुनाएँ | बच्चे अपने शब्दों में पढ़ी हुई कहानी दोहराएँ और शिक्षक कहानी को लिखें। (साझा लेखन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | क्रम्बल करना (मोड़-तोड़कर कागज़ की बड़ी गेंद बनाना) | मुक्त चित्रकारी | मिटटी/रेत पर उँगलियों से आकृतियाँ बनाना | बच्चों के द्वारा आड़ी-तिरछी लकीरें खींचना और चित्र बनाना (कागज अथवा बोर्ड पर) | पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | आस-पास की आवाज़ों को पहचानना | छोटे-बड़े की पहचान - वस्तुओं के साथ | गोलाकार की पहचान - गोलाकार के कट आऊट<br>कविता - रोटी गोल | कम-ज़्यादा की पहचान - वस्तुओं के साथ | स्पर्श की पहचान - टेक्ट टाइल बोर्ड | साप्ताहिक पुनरावृत्ति -<br>1. हथेली से छोटा एवं बड़ा वस्तु पहचानना<br>2. कम-ज़्यादा - चिकनी खुरदुरी<br>3. चिकना-खुरदुरी वस्तु ढूंढना |
| बाहरी खेल 30 मिनट | नमस्ते खेल | गोपी चन्दर खेल | रस्सी या लाइन के सहारे जिग-जैग खेलना | रेलगाड़ी खेल | गोल-गोल धप्प | बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक बच्चों का नाम पूछे और परिचय से संबंधित कोई गतिविधि कराएं अंत में बच्चों के साथ मिलकर उनके नाम चार्ट पेपर पर लिख कर कक्षा में लटकाए / चिपकाए | शिक्षा मेरा प्यारा खेल विषय पर बच्चों के साथ चर्चा करें और बच्चों की पसंद और नापसंद को जानने का प्रयास करें। | शिक्षा सबसे अच्छा कौन लगता है विषय पर बच्चों के साथ चर्चा करें। | शिक्षक बच्चों के साथ मेरे घर का पसंदीदा जगह विषय पर चर्चा करें और उन्हें अपने घर का मित्र बनाने को कहें। | शिक्षक बच्चों के साथ पूरे दिन में क्या सीखा है पर चर्चा करें। | शिक्षक बच्चों को कोई कहानी सुनाएंगे और उसका कुछ पाठ अधूरा रखेंगे या छोड़ देंगे और बच्चों को घर पर जाकर पूर्ण करने को कहेंगे। |

# सप्ताह 2



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे की वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (गिनों मेरे शब्द, वाक्य में शब्दों को गिनना) | बच्चों के साथ कोई स्थानीय कविता या गीत पूरे हाव-भाव के साथ गाना | तुकांत शब्दों वाली सरल कविता गाना और तुकांत शब्दों को पहचानना | बच्चों द्वारा पिछले दिन पहचाने गए तुकांत शब्दों का दोहराव करना और उन्हें नए तुकांत शब्द बनाने के लिए कहना | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं उससे जुड़ी चर्चा करना | बिगबुक से शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़ें (साझा पठन) और बच्चे अपने शब्दों में कहानी सुनाएँ | बच्चे अपने शब्दों में पढ़ी हुई कहानी दोहराएँ और शिक्षक कहानी को लिखें। (साझा लेखन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | मुक्त चित्रकारी | कागज़ को छोटे- छोटे टुकड़ों में फाड़कर सरल आकृति का कोलाज बनाना | अपनी मनपसंद चित्रों को दिखाकर चर्चा और चित्रकारी करना | बच्चों द्वारा घर के रोज़मर्रा के कामों का अभिनय करना | पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | स्वाद की पहचान करना - नमकीन, खट्टा, मीठा - पानी में नमक, चीनी और नींबू का रस घोलकर | अंदर और बाहर की अवधारणा | क्रमबधता - बड़ा से छोटा, छोटा से बड़ा -(5 वस्तुएं के साथ) | नरम और सख्त की अवधारणा - वस्तुओं के साथ | क्या गायब है ? - 7-8 वस्तुओं को लेकर | साप्ताहिक पुनरावृत्ति -<br>1. अलग अलग स्वाद के खाने की वस्तुओं को पहचानना<br>2. अंदर-बाहर<br>3. नरम और सख्त वस्तुओं को ढूंढना |
| बाहरी खेल 30 मिनट | तोते का हुक्म खेल | प्यासी पूसी आगे जाओ खेल | पहाडी में आग खेल | गोले के अन्दर-बाहर कूदना खेल | सुरंग पार करने का खेल | बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक बच्चों से मेरे पसंद का खाना क्या है पर चर्चा करें। बच्चों के अनुभव को शामिल करने के मौके दे। | शिक्षक एक झोले में कुछ परिचित वस्तुओं को रखें और बच्चों को बारी-बारी बुलाकर अपनी पसंद की वस्तुओं को निकालना और उनके बारे | शिक्षक बच्चों से पूछे आज आपको कैसा लग रहा है बच्चों को उनके मनोभावों को व्यक्त करने का मौका दें। | शिक्षक बच्चों से पूछें कि आज उनके कौन-कौन से नए दोस्त बनें और उनके साथ उन्होंने क्या किया इस पर उनके मनोभावों को व्यक्त करने का मौका दें। | शिक्षक बच्चों के साथ चर्चा करेंगे मुझे गुस्सा कब आता है और क्यों? चर्चा के | इस सप्ताह की गई गतिविधियों से सम्बंधित कोई भी चित्र बनाने को कहें। |

# सप्ताह 3



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे की वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (खोजो आस-पास - शब्दों को ध्वनियों में तोड़ते हुए उनमें शामिल ध्वनियों को गिनना) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और शब्द की प्रथम ध्वनि पहचानना (क, र) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और शब्द की प्रथम ध्वनि पहचानना (न, म) | अब तक सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (एक जैसे वर्णों की आकृति मिलाओ) | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्रफिक पठन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा/ मिटटी/ पीठ/ पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | अंगूठे की छाप से अलग-अलग आकृतियाँ बनाना | अलग अलग वस्तुओं को बजाकर धुन बनाना /निकालना | पत्तियों की छाप से अलग-अलग आकृतियाँ बनाना | मुक्त चित्रकारी | पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | बच्चों की हाइट (कद) के अनुसार क्रमबद्धता | गन्ध की पहचान - वस्तुओं के साथ - उदाहरण तेल, टालकम, फूल आदि | 1-10 तक गिनना - ठोस वस्तुओं के साथ | 1-10 तक गिनना - ठोस वस्तुओं के साथ | दूर-पास की अवधारणा | साप्ताहिक पुनरावृत्ति - |
| बाहरी खेल 30 मिनट | घोडा जमाल खाई पीछे देखे मार खाई | पोशम पा भाई पोशम पा | स्टापू (आठ खानों में अलग- अलग आकृति बना कर निर्देशानुसार उन पर कूदने की गतिविधि) | जानवर की चाल का खेल | बाधा दौड़ | बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | बच्चों से मेले के अनुभव पर बातचीत करें और कुछ सरल, बंद छोर के प्रश्न पूछें। | बच्चों से मेले के अनुभव पर पुनः बातचीत करें और मेले से वह किन चीजों को खरीदेंगे, उन वस्तुओं का चित्र के साथ सूची बच्चों के साथ मिलकर बनाएँ और चार्ट पेपर पर लिखकर कक्षा में लटकाएँ / चिपकाएँ। | मेरी पसंद की मिठाई | मेरा प्यारा दोस्त | मेरी पसंद की खेल | शिक्षक बच्चों से पूछे- मुझे अच्छा कब लगता है और आपको कब कब खुशी मिलती है। बच्चों को उनके मनोभाव व्यक्त करने का मौका दें। |

# सप्ताह 4



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे की वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (नाम बूझो तो जाने - प्रथम वर्ण/अक्षर की संगत ध्वनि से शुरू होने वाली वस्तु के नाम का पता लगाना) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (स, त) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (ब, ल) | अब तक सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (एक जैसे वर्णों की आकृति मिलाओ) | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्रफिक पठन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगााना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा/मिटटी/पीठ/पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | आकृतियों में रंग भरवाना | चिपक कार्य (कागज़ के छोटे टुकड़े/गोलों को किसी आकृति में भरना) | अलग-अलग जानवरों के मुखौटे बनाना और उससे जुड़ा अभिनय करना | मुक्त चित्रकारी | बच्चों को पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाने के लिए कहना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | भारी और हल्का की अवधारणा - वस्तुओं के साथ | चरण बद्धता: पिक्चर कार्ड के साथ<br>रोटी कैसे बनाते है?<br>सुबह से रात तक आप क्या करते हैं? | पैटर्न बनाना - वस्तुओं के साथ | परिमाण के साथ 1-10 के समूह बनाए - कागज के गोले | पानी से एक्सपरिमेंट -<br>पानी में क्या-क्या घुलता है ?<br>पानी में क्या तैरता है और क्या डूबता हैं? | साप्ताहिक पुनरावृत्ति - |
| बाहरी खेल 30 मिनट | टीपी-टीपी टाप, रंगों के नाम बताने का खेल | मेंढक दौड़ | तितली की चाल का खेल | लम्बे और छोटे कदम उठाने का खेल | पकड़म-पकड़ाई का खेल | बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक दिनभर की गतिविधियों पर बच्चों के साथ बातचीत करे,बच्चों से कहे कि अभिभावकों के साथ गतिविधियों को साझा करने के लिए कहें, अगले दिन की तैयारी करें। | | | | | |

# सप्ताह 5



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे की वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (मैंने बनाया - अपने द्वारा बनाई गई वस्तु का क्रमबद्ध तरीके से वर्णन) | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (क, र, न, म) और पुस्तक/पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (स, त, ब, ल) और पुस्तक/पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों को मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे /क/ /र/ कर, /म/ /न/ मन) | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों को मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे /क/ /र/ कर, /म/ /न/ मन) | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्रफिक पठन) | कविता पोस्टर से कविता सुनाना और कविता के चयनित शब्दों का लोगोग्राफ़िक पठन | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा/मिटटी/पीठ/पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | मुक्त चित्रकारी | फूलों और पत्तियों का उपयोग करके उनसे कोलाज बनाना | रोल प्ले करना (डॉक्टर, टीचर, नाई, बावर्ची आदि) | मुक्त चित्रकारी | पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | 1-5 तक की अंकों की पहचान कराना - 1-5 के परिमाण के वस्तु एवं 1-5 के संख्यांक कार्ड | 1-5 तक की अंकों की पहचान कराना - 1-5 के परिमाण के वस्तु एवं 1-5 के संख्यां के कार्ड | 1-5 परिमाण के साथ अंक का मिलान | चरणबद्धता- पक्षियों का जीवन चक्र<br>बीज से पौधा बनना - पिक्चर कार्ड के साथ नेचर वॉक - आस पास दिखने वाले वस्तुओं के बारे में चर्चा करेंगे एवं इकट्ठा करेंगे जैसे - कंकड़, पत्ते, फूल, लकड़ियाँ आदि | डाटा हैंडिलिंग<br>नेचर वॉक के दौरान इकट्ठा किए गए वस्तुओं के साथ | साप्ताहिक पुनरावृत्ति - |
| बाहरी खेल 30 मिनट | गोले के अन्दर बहार कूदने का खेल | चिड़िया उड़ का खेल | पैकेट में मोजों को पकड़ने का खेल | नाटकीय खेल- ट्रेन | हेलीकाप्टर जैसे कूदने का खेल | बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक बच्चों के साथ मामा जी ने लड्डू खाए गतिविधि करवाएं जैसे मामा जी ने लड्डू खाए आप बोलो जितने | शिक्षक बच्चों से अच्छा स्कूल विषय पर बातचीत करें। | शिक्षक बच्चों से कहें कि आपको अपने घर में कौन से सदस्य सबसे ज्यादा पसंद / प्यार करते है इस पर चर्चा करें | शिक्षक बच्चों से बातचीत करें कि आपको स्कूल अच्छा लगता है या घर | अंकुरण की प्रक्रिया | शिक्षक बच्चों से पौधों को पानी देना क्यों आवश्यक है पर चर्चा करेंगे ? |

# सप्ताह 6



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे की वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करगें। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (मैं कौन हूँ? - बच्चे किसी वस्तु का वर्णन करेंगे और दूसरे बच्चे वस्तु का अनुमान लगाएंगे) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (द, प) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (च, अ) | अब तक सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (एक जैसे वर्णों की आकृति मिलाओ) | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्रफिक पठन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | सीखे गए वर्णो की आकृति को उंगली से हवा/ मिटटी/ पीठ/ पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | अलग-अलग पत्तों से आकृतियाँ बनाना | स्थानीय गीत / धुन पर नाचना | मुक्त चित्रकारी | ऑरिगामी (चौकोर पेपर से नाव, पतंग, हवाई-जहाज़ बनाना) | पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | चौकोर और त्रिभुज आकृति से पहचान कक्षा के अंदर एवं तीनों तीनों आकृतियों को पहचानें और नाम बताऐं- (कक्षा/ आसपास दिखने वाले वस्तुओं से) | 1-10 तक गिनती करना - वस्तुओं के साथ | 1-10 तक गिनती करना - वस्तुओं के साथ | कीट पहचानना और उन पर चर्चा करना (चींटी, मच्छर, घरेलू मक्खी, मधुमक्खी, मकड़ी, तिलचट्टा) | पैटर्न बनाना - तीन आकार के आधार पर | साप्ताहिक पुनरावृत्ति - |
| बाहरी खेल 30 मिनट | रस्सी या लाइन के सहारे जिग जेग खेलना | चोर पुलिस का खेल | पूंछ पकड़ | रस्साकशी का खेल | जानवर की चाल का खेल | बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक बच्चों के साथ मामा जी ने लड्डू खाए गतिविधि करवाएं जैसे मामा जी ने लड्डू खाए आप बोलो जितने | शिक्षक बच्चों से अच्छा स्कूल विषय पर बातचीत करें। | शिक्षक बच्चों से कहें कि आपको अपने घर में कौन से सदस्य सबसे ज्यादा पसंद / प्यार करते है इस पर चर्चा करें | शिक्षक बच्चों से बातचीत करें कि आपको स्कूल अच्छा लगता है या घर | अंकुरण की प्रक्रिया | शिक्षक बच्चों से पौधों को पानी देना क्यों आवश्यक है पर चर्चा करेंगे ? |

# सप्ताह 7



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे की वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (मेरा चित्र, मेरा नाम - बच्चों द्वारा अपने मनपसंद चित्र बनाना और उनके नाम लिखना) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (ह, घ) | परिचित शब्दों में शामिल ध्वनियों को पहचानना और प्रथम ध्वनि पहचानना (ग, य) | अब तक सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (एक जैसे वर्णों की आकृति मिलाओ) | शिक्षक द्वारा मौखिक कहानी सुनाना | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्रफिक पठन) | अपनी भाषा में परिवेशीय चित्रों पर चर्चा करना (चित्र पर चर्चा) | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा/ मिटटी/ पीठ/ पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | अपने परिवार का चित्र बनाना और उसके बारे में बातचीत करना | सरल आकृतियों में रंग भरना | चिपक कार्य (कागज़ के छोटे टुकड़े/गोलों को किसी आकृति में भरना) | स्थानीय गीत / धुन पर नाचना | सुनाई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | 1-10 तक की अंकों की पहचान कराना - 1-10 के परिमाण के वस्तु एवं 1-10 के संख्यांक कार्ड | 1-10 तक की अंकों की पहचान कराना - 1-10 के परिमाण के वस्तु एवं 1-10 के संख्यांक कार्ड | क्रम बद्धता - अंक के साथ<br>(1-5) - अंक कार्ड | क्रम बद्धता - अंक के साथ<br>(1-10) - अंक कार्ड | मेज और ज़मीन को मापना- हाथ से, रस्सी से, पैर से आदि | साप्ताहिक पुनरावृत्ति - |
| बाहरी खेल 30 मिनट | लंबी पूंछ ऊंची पूंछ | टीचर टीचर किसकी चाल | मेंढक कूद (फ्रॉग जंप) का खेल | नंबर वॉक का खेल | गेंद का खेल | बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | शिक्षक एक एक करके बच्चों से अपने दिनचर्या का रोल प्ले करने को कहे | शिक्षक बच्चों के साथ 'हुआ सवेरा' कविता गाएँ और बच्चों के साथ व्यक्तिगत स्वछता पर चर्चा करें। | शिक्षक बच्चों के साथ उनके परिवेश के बालगीत / कहानी कों करवाएं। | बच्चों के परिवेश में मनाए जाने वाले त्यौहार जैसे होली, ईद, आदि पर चर्चा करें। | शिक्षक बच्चों से छुट्टी वाले दिन कैसा लगता है और वह उस दिन क्या करते है पर चर्चा करें। | शिक्षक बच्चों से किसी एक साधारण बीमारी पर चर्चा करें। |

# सप्ताह 8



| | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | बृहस्पतिवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मॉर्निंग सर्किल टाइम 30 मिनट | मॉर्निंग सर्किल टाइम में स्वागत, प्रार्थना, स्वच्छता जाँच, बच्चों से बातचीत एवं शारीरिक गतिविधियों को प्रत्येक दिवस किया जायेगा। शिक्षक स्वयं से भी अपने अनुभव जोड़ सकते हैं। | | | | | |
| स्वतंत्र खेल 30 मिनट | स्वतंत्र खेल में शिक्षक अपने आंगनवाड़ी में कक्षा को विभिन्न कोने में बाँट लेंगे जैसे की उदाहरण के तौर पर ऊपर दिए गए है और बच्चों को मौका देंगे की वो उस दिन उनके अनुसार किस गतिविधि को करना पसंद करंगे। कला कोना, किताब कोना, ब्लॉक, पहेली/पजल कोना, गुडिया घर | | | | | |
| भाषा और साक्षरता कौशल 30-35 मिनट | मौखिक खेल (अपने आस-पास के जानवरों और पक्षियों की आवाज़ निकालना और पहचानना ) | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (द, प, च, अ) और पुस्तक/पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | सीखे गए वर्णों को पहचानना और मिलाना (ह, घ, ग, य) और पुस्तक/पोस्टर में आए शब्दों में इन वर्णों को पहचानना | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों के शब्द मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे /घ/ /र/ घर) | अब तक सीखे वर्णों से दो वर्णों के मिलाकर बोलना (अमात्रिक शब्द जैसे /घ/ /र/ घर) | चलो दोहराएँ<br>सप्ताह के छठवे दिन, सप्ताह भर की गयी गतिविधियों का दोहराव करवाएँ। शिक्षक अवलोकन या किसी अन्य आयु-उपयुक्त माध्यम (जैसे बच्चों से चर्चा करना, उनके लिखित कार्य को देखना आदि) द्वारा बच्चों की प्रगति का आकलन करें।<br>पोर्टफोलियो में बच्चों द्वारा किए गए कार्य को दर्ज करें। |
| | बिगबुक से कहानी पढ़कर सुनाना एवं सरल चर्चा करना | शिक्षक और बच्चे मिलकर कहानी को पढ़े (साझा पठन) और परिचित शब्दों को पहचानना (लोगोग्रफिक पठन) | कविता पोस्टर से कविता सुनाना और कविता के चयनित शब्दों का लोगोग्राफ़िक पठन | किताबें उलटने पलटने के मौके देना एवं चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाना | सीखे गए वर्णों की आकृति को उंगली से हवा/ मिट्टी/ पीठ/ पानी पर बनाने का अभ्यास करना | |
| कला सम्बन्धित गतिविधियाँ 30 मिनट | फूलों और पत्तों से रंगोली बनाना | दो-दो के जोड़ों में एक दूसरे की पसंदीदा वस्तुओं का चित्र बनाना | अपने दोस्त का चित्र बनाना और एक-दूसरे का नाम लिखना | मुक्त चित्रकारी | पहले सुनाई गई कहानी/कविता के आधार पर कोई भी चित्र बनाना. | |
| भोजन समय | | | | | | |
| गणित/ईवीएस/ वैज्ञानिक सोच 30 मिनट | परिमाण के साथ संख्या मिलान (1-10)<br>1-10 के परिमाण के चित्र/वस्तु एवं 1-10 के संख्या कार्ड | कंकड़/कागज की गेंदों के साथ जोड़ करना(1-10) | कंकड़/कागज की गेंदों के साथ घटाव (1-10) | कंकड़/कागज की गेंदों के साथ जोड़ और घटाव (1-10) | गिनती का खेल<br>2 - 10 के समूह में गिनें (वस्तु के साथ) | साप्ताहिक पुनरावृत्ति -<br>गिनती का खेल |
| बाहरी खेल 30 मिनट | डम्ब शराड का खेल | जमीन पानी और आसमान का खेल | गेंद का खेल | अक्कड़ बक्कड़ | पार्सल पास करना | बच्चों का मनपसंद खेल |
| गुड बाई सर्किल टाइम 30 मिनट | मुझे डर कब लगता है | अपने चित्र लगाये। | शिक्षक बच्चों के साथ मूक-अभिनय गतिविधि करेंगें। | बच्चों से "मेरी पसंद का खाना "पर बातचीत। | शिक्षक बच्चों से उन्हें घर पर कौन पढ़ाता है पर चर्चा करेंगें। | शिक्षक बच्चों से उनकी दिनचर्या पर चर्चा करेंगें। |

# *टीएलएम सामग्री*

| क्र0सं0 | सामग्री | स्पेसिफिकेशन / विशिष्टियां |
|---|---|---|
| 1 | प्लास्टिक के बडे बिल्डिंग ब्लॉक्स | Block set of 42 pcs<br>(a) Plastic Material - Poly Propylene<br>(b) Non-toxic virgin grade plastic<br>(c) Multicolour<br>(d) 4 way block: 4 pcs; 5.5x5.5 cm; height -3.5 cm<br>(e) 4 block with 2 tyre: 2 pcs; 5.5x5.5 cm, height - 3.5 cm<br>(f) 3 block; 6 pcs; 2.75x8.5 cm; height - 3.5 cm<br>(g) 2 block: 18 pcs; 2.75x5.5 cm; height - 3.5 cm<br>(h) 1 block: 12 pcs; 2.75x2.75 cm; height-3.5 cm<br>(i) Total weight - 440 gm<br>(j) Zipper bag include |
| 2 | आयु उपयुक्त पजल (04 सेट) | (a) 5-6 pcs MDF-8mm<br>(b) Puzzle related to shapes, animals and Fruites and Vegetable<br>(c) Size - 6x6"<br>(d) Material - MDF<br>(e) Thickness - 8 mm |
| 3 | वर्णमाला अंग्रेजी, हिन्दी एवं नम्बर के फ्लैश कार्ड (थीम आधारित, 20 कार्ड के 05 सेट) | प्रत्येक के पांच सेट। उक्त कार्ड लैमिनेटेड थीम आधारित चित्र युक्त होंगे और इन पर चार रंगों में चित्रण किया गया हो। |
| 4 | क्रेयान<br>(12 रंगों के 8 सेट ) | (a) Non-toxic; wax<br>(b) Size : Length - 57mm; diameter - 7.5mm<br>(c) 5 sets of 12 colours/set=60 crayons |
| 5 | प्लास्टिक के बडे मोतियों की माला<br>(20 मोतियां प्रत्येक माला के 04 अलग—अलग रंगों के माले) | Shape - Round Beads<br>(a) Plastic material - Poly Propylene<br>(b) Non-toxic virgin grade plastic<br>(c) Colour - Each set of 4 different colours- red, yellow, green, blue<br>(d) Quantity - Each colour 20 pcs of beads<br>(e) Circular - Diameter 2 cm; Thickness - 1.5mm<br>(f) Totel weight - 240 gm<br>(g) Lacing tread - Nylon |
| 6 | बिना धार की (blunt) छोटी कैंची<br>(02 पीस) | (a) Plastic handles<br>(b) Length : 8-10 cm<br>(c) Blade - Stainless steel blade with blunt points for paper cutting<br>(d) Blade thickness - 1.9 mm |
| 7 | गोंद (200 ml के 02 बोतल) | (a) 2 bottles of 200 ml glue<br>(b) Indian Standard : IS 2257 |
| 8 | हिन्दी अक्षरों के प्लास्टिक पीस<br>(वर्णमाला—01 सेट) | (a) Material - Poly propylene hard plastic<br>(b) Non-toxic virgin grade plastic<br>(c) Assorted colours<br>(d) Size - 3.5x3.5x1 cm |
| | अंग्रेजी अक्षरों के प्लास्टिक पीस<br>(A to Z -1 सेट) | (a) Material - Poly propylene hard plastic<br>(b) Non-toxic virgin grade plastic<br>(c) Assorted colours<br>(d) Size - 3.5x3.5x1 cm |
| 9 | खुली हुयी टोकरियां प्लास्टिक की (5पीस) | |
| 10 | ढफली | (a) Material : made in steel ands bakelite with extra drumhead nylon sheet<br>(b) Size : Height- 2 inches x Width- 11 inch x Dia- 9.75 inches<br>(c) Weight : 0.375 Kgs |
| 11 | डॉक्टर सेट (2 पीस) | |
| 12 | किचन सेट (2 पीस) | |
| 13 | कलर पेसिंल (4 सेट) | |
| 14 | स्कस पेन (4 सेट) | |
| 15 | मारकर्स (2 सेट) | |
| 16 | टेप (4 सेट) | |
| 17 | चार्ट पेपर 10 | |
| 18 | ए4 साइज रिम पेपर (2) | |
| 19 | डॉट एण्ड नम्बर डोमिनोस —10 | |

संलग्नक:–3

आकलन प्रपत्र

| | |
|---|---|
| जिले का नाम: | बच्चे की पासपोर्ट साइज फोटो |
| ब्लॉक का नाम: | |
| विद्यालय का नाम: | |
| शिक्षक का नाम: | विद्यालय UDISE कोड: |
| बच्चे का नाम: | लिंग: लड़का ☐ लड़की ☐ |
| अभिभावक का नाम: | अभिभावक का फ़ोन नंबर: |
| पहला आकलन दिनांक: | दूसरा आकलन दिनांक: |

## विद्या प्रवेश आकलन के मुख्य बिंदु

- आकलन दो बार होगा - एक मौड्यूल के शुरुआती पहले दो हफ्ते और दूसरा मौड्यूल के अंत में |
- यह आकलन परीक्षा नहीं है और आकलन तनाव-मुक्त वातावरण में होना चाहिए |
- रेटिंग स्केल 1-3 का होगा

a. स्वयं करते हैं|

b. मदद से करते हैं|

c. नहीं कर पाते हैं|

- दोनों आकलनो में अधिकांश संकेतक समान रहेंगे ताकि बच्चों की प्रगति का पता लगाया जा सके|
- अभिभावकों के साथ आकलन के परिणाम साझा करना आवश्यक है|

| क्रमांक | आकलन का क्षेत्र | पहला आकलन | | | दूसरा आकलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | संकेतक | स्वयं करते हैं | मदद से करते हैं | नहीं कर पाते हैं | स्वयं करते हैं | मदद से करते हैं | नहीं कर पाते हैं |
| 1 | नियमों और निर्देशों का पालन करने में सक्षम | | | | | | |
| 2 | भावनाओ और ज़रूरतों को व्यक्त कर पाना | | | | | | |
| 3 | खेल, नृत्य और अन्य चाल गतिविधियों में भाग लेना | | | | | | |
| 4 | व्यक्तिगत स्वछता बनाये रखना: a. साफ़ कपडे | | | | | | |
| | b. साफ नाख़ुन | | | | | | |
| | c. बालों को अच्छी तरह से कंघी | | | | | | |
| | d. हाथ धोते हैं | | | | | | |
| 5 | कार्ड में लिखी गयी संख्याओं और वस्तुओं को मिलान कर पाना | | | | | | |
| 6 | वस्तुओं को सबसे लम्बी से छोटी और चौड़े से पतले तक व्यवस्थित कर पाना | | | | | | |
| 7 | क्रम को पूरा कर पाना | | | | | | |
| 8 | अपने नाम का पहला अक्षर लिख पाना | | | | | | |
| 9 | दिए गए अक्षर से शुरू होने वाली वस्तुओं की पहचान कर पाना | | | | | | |
| 10 | कहानियों या घटनाओं को सही क्रम में व्यव्स्तिहित कर पाना | | | | | | |

शिक्षक के हस्ताक्षर

अभिभावक के हस्ताक्षर